(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार नोयडा में इन सुविधाओं को कब तक उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) जी हां। विभाग में नोयडा टेलीफोन को दिल्ली टेलीफोन जिले में सम्मिलित करने के करने के लिए कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ख) और (ग) प्रशासनिक कारणों से इसे स्वीकार नहीं किया गया ।

(घ) विभाग के पास निम्नलिखित योजनाएं हैं :—

(1) वर्तमान नोयडा एम ए एक्स–1 एक्सचेंज का 1986–87 के दौरान 600 लाइनों तक विस्तार करना ।

(2) 1987–88 के दौरान ई–10 बी स्वचालित एक्सचेंज की 4000 लाइनों तक क्षमता बढ़ाना ।

(3) नोएडा और दिल्ली के बीच अतिरिक्त जंक्शन के लिए एक 34 एम बी एम डिजिटल माइक्रोवेव प्रणाली स्थापित करना । उपस्कर 1987–88 के दौरान प्राप्त होने की संभावना है ।

चित्रहार के लिए गानों आदि का चयन

1639. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले "चित्रहार" में फिल्मी नृत्य और गानों का चयन करने के क्या मापदण्ड हैं; और

(ख) चित्रहार में भक्ति व देश प्रेम के बहुत कम गानों का चयन किए जाने के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा) : (क) यह सुनिश्चित किया जाता है कि कार्यक्रम परिवार के साथ देखने योग्य हों ।

(ख) भक्ति एवं देश प्रेम के गीतों को चित्रहार किस्म के कार्यक्रमों में समय-समय पर, विशेषकर धार्मिक अवसरों और स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवसों पर शामिल किया जाता है । तथापि, विभिन्न रुचियों वाले दर्शकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विवेकपूर्ण मिश्रण किया जाता है ।

दिल्ली में डकैती और राहजनी से जान माल की हुई हानि

1640. **श्री रामचन्द विकल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1985 से 31 अक्तूबर, 1986 की अवधि के दौरान दिल्ली में सशस्त्र डकैतियों तथा राहजनी की घटनाओं के परिणामस्वरूप जान-माल की कितनी हानि हुई है; और

(ख) सरकार ने इन अपराधियों के गिरोहों का सफाया करने तथा दिल्ली में कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री यो० चिदाम्बरम) : (क) 1 जनवरी, 1985 से 31 अक्तूबर, 1986 तक की अवधि के दौरान राहजनी और लूटपाट की घटनाओं में 2 जानें गई और लगभग 15 लाख रुपए की सम्पत्ति की हानि हुई । लगभग 8 लाख रुपए मूल्य की सम्पत्ति बरामद कर ली गई ।

(ख) पैदल और चलती फिरती गश्त में बढ़ोत्तरी, होटलों और गैस्ट हाऊसों की गहन जांच और संवेदनशील

स्थानों पर टुकड़ियों की तैनाती, बदमाशों और ज्ञात अपराधियों के विरुद्ध कारवाई भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता, विशेष पुलिस अधिकारियो की नियुक्ति और अन्तर्राजीय अन्तर जिला स्तर पर अपराध सम्बन्धी बैठक करना जैसे उपाय किये गये हैं ।

मुंगेर में दूरसंचार का मंडल कार्यालय खोला जाना

1641. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मुंगेर के जिला मुख्यालय में सैकेण्डरी स्वीचिंग एरिया में मंडल कार्यालय खोलने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है जो कि आवश्यक एक्कों के अभाव में नहीं खोला जा सकता;

(ख) क्या सरकार ने निर्णय किया है कि मुंगेर को भागलपुर से अलग कर के उसे दरभंगा मंडल के अंतर्गत ले आया जाए किन्तु महा-प्रबन्धक, दूरसंचार पटना इससे सहमत नहीं है तथा उसने इसे भागलपुर कार्यालय के अधीन ही रखने का अनुमोदन किया है ;

(ग) क्या यह सच है कि मुंगेर भागलपुर के अधिक निकट है जबकि दरभंगा दूर है, लेकिन यदि निकट भविष्य में खगरिया में टेलीफोन का उप-मण्डल कार्यालय खोला जाता है तो एक मंडल कार्यालय खोला जा सकता है जिसमें मुंगेर, बेगुसराय और खगरिया, जोकि अब तक मुंगेर जिले के अंग थे, को साथ मिलाया जा सकता है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार मुंगेर को दरभंगा मंडल के अन्तर्गत रखने अथवा उसे अलग एक मंडल बनाने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी हां, सैकेण्ड्री स्विचन क्षेत्रों का कार्यक्षेत्र तथा सीमाएं राष्ट्रीय टेलीफोन स्विचन योजना के तकनीकी दृष्टिकोण के अनुसार ही निर्धारित की जाती हैं । तदनुसार, मुंगेर को भागलपुर से अलग करने और मुंगेर तथा दरभंगा सकेण्डरी क्षेत्र को एक दूरसंचार इंजीनियर के अधीन रखकर दरभंगा में मुख्यालय बनाने का निर्णय लिया गया । इस निर्णय में परिवर्तन नहीं किया गया है ।

(ग) और (घ) मुंगेर, दरभंगा की अपेक्षा भागलपुर से करीब है । मुंगेर सैकेण्डरी स्विचन क्षेत्र की निर्धारित सीमा तक कार्यभार होने पर दूरसंचार जिला इंजीनियर दरभंगा से अलग किया जाएगा ताकि अलग दूरसंचार जिले का सृजन किया जा सके । सैकेण्डरी स्विचन क्षेत्र के आधार पर दूरसंचार सर्किलों की प्रबन्ध योजना के पुनर्गठन के अनुसार मौजूदा मंडलों को दूरसंचार जिलों के साथ मिलाया जाएगा और अतिरिक्त नए मंडलों का अब सृजन नहीं किया जाएगा ।

Persons killed/apprehended in encounters in Punjab

1642. SARDAR JAGJIT SINGH AURORA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of terrorists killed and apprehended in encounters by the security forces in Punjab during the last six months;

(b) the number of persons killed and apprehended by the Border Security Force deployed on the Punjab/Pakistan border, while trying to enter Indian territory during the same period; and

(c) how many of these were Pakistani and Indian nationals?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) According to